
# विकास परियोजनाओं से सहूलियतों के साथ रोजगार भी बढ़ेगा : योगी

## लखनऊ की 3601.40 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास योजनाओं से न सिर्फ सहूलियतें बढ़ेंगी, बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। लखनऊ के किसान पथ, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय सहित अन्य परियोजनाओं से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना साकार हो रहा है। यह लखनऊ और उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलेगा। इससे देश के रक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। वह सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3601.40 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा रहा है, यह गोमती नदी के कट को लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। कहा कि डीआरडीओ की मदद से लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के सेंटर का भी उद्घाटन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में विकास कार्यों का श्रेय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को दिया। इस अवसर पर वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जितिन प्रसाद, एके शर्मा, सांसद सत्यदेव पचौरी, देवेन्द्र सिंह 'भोले', डॉ. दिनेश शर्मा, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। -संवाद

### रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री को दिया लखनऊ के विकास का श्रेय

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी आदित्यनाथ के सहयोग से हो रहा है। यहां के विकास का श्रेय उन्हीं को जाता है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि उनकी धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी, लेकिन यह काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। विश्व स्तरीय एजेंसी नाइट फ्रैंक आर्थिक उन्नति की गतिविधियों का अध्ययन कर विभिन्न पहलुओं पर तिमाही रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उस एजेंसी ने कहा कि ऐसे शहरों की सूची, जिनमें शहरी क्षेत्र की भूमि के मूल्यों में सर्वाधिक तेजी से वृद्धि हुई है, लखनऊ नगर विश्व में उच्चतम वृद्धि दर वाले 10 शहरों में शामिल है।


### बोले मुख्यमंत्री- किसान पथ के जरिए धरातल पर उतर रहा अटलजी का सपना

### अगले साल कानपुर से लखनऊ की दूरी सिर्फ 40 मिनट की हो जाएगी

रक्षामंत्री ने कहा कि रिंग रोड से रोजाना करीब एक लाख वाहन बाहर से निकल जाएंगे। आउटर रिंग रोड के किनारे ढेर सारी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। अगले साल कानपुर से लखनऊ की दूरी सिर्फ 40 मिनट की हो जाएगी।

### दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क हमारी सरकार ने बनाई : पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने पर कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश की 80 सीटें जिता देना, ताकि विकास का कार्य निरंतर चलता रहे।



### खुल गया दर्शन पार्क, शुल्क 100 रुपये

लखनऊ। एलडीए ने लोकार्पण के तुरंत बाद गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क को आम जनता के लिए खोल दिया गया है। पार्क के खुलते ही दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि यूपी दर्शन पार्क का प्रवेश शुल्क 100 रुपये तय हुआ है। बच्चे व बुजुर्ग को 50 फीसदी की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जनेश्वर मिश्र पार्क के लेजर शो सहित अन्य के प्रवेश शुल्क भी तय कर दिए जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)